web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 26 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 238

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शाहजहांपुर में बड़ा हादसा, गर्रा नदी में डूबने से तीन भाइयों की मौत; परिवार में कोहराम

**शाहजहांपुर (आरएनएस)।** यूपी में शेरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव परसानिया में बड़ा हादसा हो गया। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए शेरामऊ दक्षिणी में नदी में नहाने गए तीन बच्चों की डूबकर मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बता दें, 10 वर्षीय शिवम और उसका भाई (12 साल) हरेंद्र पुत्र राकेश और चचेरा भाई (12 साल) शिशुपाल पुत्र राजेश शनिवार सुबह 10:30 बजे गर्रा नदी में गांव वालों के साथ गए थे। जहां तीनों लोग डूब गए। गांव वालों ने दोपहर एक बजे शव निकाले। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### अनूसया सेनगुप्ता ने रचा इतिहास, कान फिल्म फेस्टिवल में जीता बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब

**कान (आरएनएस)।** कोलकाता की एक्ट्रेस अनूसया सेनगुप्ता ने कान फिल्म फेस्टिवल 2024 में इतिहास रचते हुए बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब अपने नाम किया है। बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीतने वाली वो पहली इंडियन बन गई हैं। यह अवॉर्ड उन्हें फिल्म 'शेमलेस' के लिए मिला है। अनूसया को यह अवॉर्ड अन सर्टेन रिगार्ड सेगमेंट में फिल्म 'द शेमलेस' में उनकी परफॉर्मेंस के लिए मिला है। इसके साथ ही वे कांस के इतिहास की पहली भारतीय एक्ट्रेस बन गई हैं जिन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है। अनसूइया अपनी एक्टिंग के अलावा स्टाइल स्टेटमेंट के लिए भी जानी जाती हैं। उनका बोल्ड और देसी अंदाज हर किसी को भाता है।

### अभी और सताएगी गर्मी, हीट वेव का रेड अलर्ट जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूरे उत्तर भारत में गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इसी बीच मौसम विभाग ने आज दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीट वेव) का रेड अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में दिन की गर्मी के बाद रात को भी राहत नहीं रहेगी और रात को भी गर्म हवाओं का अहसास जारी रहेगा। राजस्थान में गर्मी से 5 मौतें हुई। राज्य में 2 दिन में यह आंकड़ा 13 हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मौसम की बात की जाए तो फिलहाल यहां रहने वाले लोगों के लिए 28 मई तक किसी तरह की राहत मिलने के आसार नहीं है। भीषण गर्मी का दौर अभी भी जारी रहेगा। गुजरात में भीषण गर्मी का कहर जारी है। गुजरात के अहमदाबाद और गांधीनगर में मौसम विभाग ने गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है, इस बीच राज्य में सबसे अधिक पारा अहमदाबाद में 46.6 डिग्री और गांधीनगर में 46 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है।

### ताइवान की समुद्री सीमा में घुसे 46 चीनी सैन्य विमान, ड्रैगन ने अमेरिका को भी दे डाली चेतावनी

**ताइपे ।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि 46 चीनी सैन्य विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा पार कर गये। चीन ने यह हरकत द्वीप के चारों ओर 'दंड' अभ्यास के दौरान की। चीन ने ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बयान के जवाब में शुक्रवार को 'दंड' अभ्यास के दूसरे दिन का आयोजन किया। वहीं, लोकतांत्रिक रूप से शासित द्वीप के कुछ निवासियों ने बताया कि वे बीजिंग के दबाव के बावजूद अपना जीवन सामान्य तरीके से जीना जारी रखेंगे। ताइवानी मीडिया के अनुसार, चीन ने ताइवान के पूर्वी जलक्षेत्र में नकली मिसाइल हमले किए और लाइव मिसाइलों के साथ लड़ाकू विमान भेजे। बीजिंग ने यह ड्रिल ताइवान के प्रमुख क्षेत्रों पर सत्ता नियंत्रण और कब्जा करने की अपनी क्षमता का परीक्षण किया, लेकिन 23 मिलियन लोगों के द्वीप पर सामान्य रूप से जीवन जारी है ताइवानियों के पास चिंता का कोई प्रत्यक्ष संकेत नहीं है, दशकों तक चीनी खतरों के साथ जीने की आदत हो गई है। एक ताइवानी नागरिक ने कहा कि चीन के सैन्य अभ्यास वास्तव में हमारे दैनिक जीवन को प्रभावित नहीं करते हैं। हमें अभी भी पैसा कमाने के लिए काम करना है। एक अनाम अमेरिकी अधिकारी द्वारा बीजिंग से क्रॉस-स्ट्रेट स्थिति पर संयम बरतने का आग्रह करने के बाद चीन ने शुक्रवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि ताइवान की स्वतंत्रता की दिशा में प्रयास एक 'डेड एंड' है और इसका केवल उल्टा असर पड़ेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने शुक्रवार को एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में कहा, जो लोग 'ताइवान की स्वतंत्रता' में शामिल हैं, उनके लिए एक डेड एंड होगा और ताइवान की स्वतंत्रता के लिए समर्थन करने का उल्टा असर ही होगा।

## राजकोट के मॉल के गेमिंग जोन में लगी भीषण आग, अब तक 24 की मौत

**अहमदाबाद**



गुजरात के राजकोट में आगजनी की बड़ी घटना सामने आई है। भीषण गर्मी के बीच राजकोट के टीआरपी मॉल में आग लग गई है। इसमें 24 की मौत हो गई है। मरने वालों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। अग्निकांड में झुले लोगों को राजकोट सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आग इतनी विकराल थी कि एक किलोमीटर दूर तक इसका धुआं देखा गया। जानकारी के अनुसार आग मॉल के गेम जोन में लगी। सूचना पर पहुंची दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि मॉल में आग कहां से लगी? पुलिस के अनुसार सयाजी होटल के पास स्थित टीआरपी मॉल में अचानक आग लगने की घटना सामने आई थी। सूचना में तमाम एजेंसियां तत्काल मौके पर पहुंची थीं। मॉल में जब आग लगी उस वक्त पर गेम जोन में काफी बच्चे मौजूद थे। राजकोट में आग की इस घटना ने सूरत के तक्षशिला अग्निकांड की काली यादों को ताजा कर दिया है। इसमें 22 स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी।

**दो घंटे में बुझ पाई आग-** गर्मियों की छुट्टियां होने के कारण काफी संख्या में लोग अपने बच्चों के साथ गेमिंग जोन में गए हुए थे। आग लगने पर अफरातफरी मच गई। करीब 40 लोग और बच्चे आग और उसके धुएं में फंस गए। सूचना पर पहुंची दमकलों को दो घंटे तक सतत पानी की बौछार करने के बाद आग बुझाने में सफलता मिल पाई। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन को आगे बढ़ाया गया। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि कुल मौतों का आंकड़ा बढ़ा सकता है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है गेमिंग जोन को बनाने में लकड़ी का ज्यादा इस्तेमाल किया था। इसलिए आग ज्यादा भड़की और घटना विकराल होती चली गई। गुजरात के राजकोट में भीषण अग्निकांड के बाद पुलिस ने गेमिंग जोन के मालिक को अरेस्ट कर लिया है। गेम जोन में हुई दुर्घटना के बाद राजकोट के सारे गेम जोन को तत्काल रूप से बंद करने का आदेश दे दिया है। प्रशासन की जांच के बगैर कोई भी गेम जोन चालू नहीं करेगा।

**सीएम ने लिया घटना पर संज्ञान-** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राजकोट के टीआरपी मॉल के गेमिंग जोन की आग पर संज्ञान लिख है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि राजकोट में गेम जोन में लगी आग की घटना में नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं। घायलों के तत्काल इलाज की व्यवस्था को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने राजकोट के कलेक्टर से फोन पर बात करके अग्निकांड की स्थिति की जानकारी ली है। इतना ही नहीं सीएम ने इस घटना की जांच एसआईटी से कराने का फैसला लिया है।

## छत्तीसगढ़ में बारूद की फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 12 लोगों की मौत-बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा



**बेमेतरा | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में एक बारूद फैक्ट्री में जोरदार ब्लास्ट हुआ है। इस हादसे में 10 से 12 लोगों के मरने की खबर है। बताया जा रहा है कि मलबे में अभी भी कई लोग दबे हो सकते हैं। घटना बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री की है। फैक्ट्री में 800 से ज्यादा लोग काम करते हैं।

बताया जा रहा है कि सुबह 6 से 7 बजे के बीच हादसा हुआ है। ब्लास्ट के बाद फैक्ट्री के आसपास लोगों की भीड़ जमा है। हादसे में घायल लोगों को रायपुर एम्स और नजदीकी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की टीम भी घटनास्थल पहुंच गई है। बता दें कि यह पूरी घटना बेमेतरा के बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी के पास हुई है।

## प. बंगाल में आपस में भिड़े बीजेपी-टीएमसी कार्यकर्ता, चुनावी रंजिश में एक की मौत, 1 गंभीर रूप से घायल

**कोलकात्ता | आरएनएस**

बंगाल में मतदान से पहले एक बार फिर हुई दो अलग-अलग घटनाओं ने सुरक्षा-व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। छठे चरण के मतदान से कुछ घंटे पहले पूर्वी मिदनापुर में एक टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई तो वहीं एक टीएमसी कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली घटना पूर्वी मिदनापुर के महिषादल की है, जहां शुक्रवार रात चुनावी रंजिश में एस.के मोइबुल नाम के एक टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। मृतक टीएमवाईसी के उपाध्यक्ष थे। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि जब मोइबुल कल रात घर लौट रहे थे तो बीजेपी के कुछ लोगों ने उनकी हत्या कर दी। इस संबंध महिषादल थाना पुलिस ने 5 बीजेपी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वहीं दूसरा मामला भी पूर्वी मिदनापुर का है। यहां के बक्चा इलाके में शुक्रवार रात तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त झड़प हो गई है। इसमें अनंत बिजली नामक एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। तृणमूल का आरोप है कि पीड़ित को लोहे की रॉड और बांस से पीटा गया है। पीड़ित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

बता दें कि इससे पहले पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई, जिसमें बीजेपी की एक महिला कार्यकर्ता की मौत हो गई। इस झड़प में बीजेपी के 7 कार्यकर्ता घायल भी हुए। घटना 22 मई की देर रात नंदीग्राम के सोनचूरा में हुई। यहां बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। तणमूल कार्यकर्ताओं पर आरोप है कि उन्होंने धारदार हथियार से बीजेपी कार्यकर्ताओं पर हमला किया। झड़प में मृतक महिला बीजेपी कार्यकर्ता का नाम रथीबाला आड़ी है।

## चारधाम यात्रा : 14 दिनों में बना नया रिकॉर्ड, 24 मई तक 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देहरादून | आरएनएस**



उत्तराखंड की चारधाम यात्रा की शुरुआत 10 मई से हुई और हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि यात्रा शुरू होने के 14 दिनों के भीतर ही 24 मई तक 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं।

अभी तक चारधाम यात्रा के लिए 31 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। साथ ही 24 मई तक 10 लाख श्रद्धालु धाम में दर्शन कर चुके हैं। 24 मई तक रिकॉर्ड 10 लाख 30 हजार 621 श्रद्धालु चारों धामों में दर्शन कर चुके हैं।


धामों में दर्शनों के लिए लगातार आती श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर 31 मई तक ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन को बंद कर दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 31 मई के बाद चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो सकता है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी श्रद्धालु पिछले 7-8 दिनों से हरिद्वार या ऋषिकेश में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के काउंटर के खुलने का इंतजार कर रहे हैं, लगभग 1,000 श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए रवाना किया जाए। उनके आदेश के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए रवाना भी किया जा रहा है। इसके साथ ही व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो।

अगर चारधाम यात्रा की बात करें तो यमुनोत्री धाम में 1,86,744, गंगोत्री धाम में 1,76,793, केदारनाथ धाम में 4,47,056 और बद्रीनाथ धाम में 2,20,028 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। सबसे ज्यादा केदारनाथ में 4 लाख 47 हजार 56 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए हैं। इन 14 दिनों में श्रद्धालुओं की मौत के आंकड़ों में भी वृद्धि हुई है। बताया गया है कि 14 दिनों में 52 श्रद्धालुओं की हार्टअटैक से मौत हुई है।

## लंदन के पैलेट ऑफ इंडिया में 24 भारतीय कलाकारों की कलाकृतियां बनेंगी मुख्य आकर्षण : 27 से 31 मई को आयोजित की जा रही प्रदर्शनी

**नई दिल्ली | आरएनएस**



लंदन में आने वाले कुछ दिनों में आयोजित एक प्रदर्शनी में 24 भारतीय कलाकारों की कलाकृतियां आकर्षण का मुख्य केंद्र बनेंगी। इन कलाकारों को लेकर कलर्स एंड कैनवस एक कला प्रदर्शनी पैलेट ऑफ इंडिया आयोजित कर रहा है। पिकन भट्टाचार्जी द्वारा क्यूरेट की जा रही यह प्रदर्शनी हाई कमिशन ऑफ इंडिया के सहयोग से लंदन के नेहरू सेंटर में 27 से 31 मई को आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 27 मई को शाम 6.30 बजे किया जाएगा। पैलेट ऑफ इंडिया में 51 कलाकृतियों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा, जो समकालीन भारतीय कला में मौजूद विविधता को दर्शाती हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले कलाकार अपने अनूठे दृष्टिकोण और कलात्मक शैलियों का प्रदर्शन इस प्रदर्शनी के माध्यम से करेंगे। प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुक पेंटिंग और डिजिटल कैनवस सहित कई माध्यमों से एक अच्छे अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं।दूरदर्शी क्यूरेटर पिकॉन भट्टाचार्जी ने कहा, पैलेट ऑफ इंडिया लंदन में प्रवासी भारतीयों की अपार प्रतिभा और कलात्मक विविधता का उत्सव है।

यह प्रदर्शनी इन कलाकारों को अपनी अनूठी आवाज और दृष्टिकोण दिखाने का एक मंच प्रदान करती है, जिससे वैश्विक मंच पर समकालीन भारतीय कला को अपार प्रशंसा प्राप्त करने का एक अवसर मिलता है। प्रदर्शनी में अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले एक कलाकार उदय शंकर ने कहा, कला एक सार्वभौमिक भाषा है जो सीमाओं को पार करती है।

अपने काम के माध्यम से, मैं भारत की जीवंत भावना और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को व्यक्त करने का प्रयास करता हूं, और मुझे पैलेट ऑफ इंडिया में इसे दुनिया के साथ साझा करने का सम्मान मिल रहा है। पैलेट ऑफ इंडिया समकालीन भारतीय कला, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लंदन में भारतीयों के समृद्ध कलात्मक समुदाय के प्रति लगाव रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक ऐसा कार्यक्रम है जिसे मिस नहीं किया जा सकता है।

## पुणे पोर्श कार हादसे में अब नाबालिग आरोपी के दादा भी गिरफ्तार, ड्राइवर को बनाया था बंधक

**पुणे | आरएनएस**




पुणे में पोर्श कार से दो लोगों को कुचलने के 17 वर्षीय नाबालिग आरोपी के दादा को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग के दादा पर आरोप है कि उन्होंने परिवार के ड्राइवर को बंधक बना लिया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल को भी आरोपी बनाया गया है।

एक दिन पहले, पुणे पुलिस प्रमुख अमितेश कुमार ने कहा था कि आरोपी के परिवार द्वारा यह स्थापित करने का प्रयास किया गया था कि कार को नाबालिग नहीं चला रहा था। इसके बाद अब किशोर के पारिवारिक ड्राइवर ने भी शिकायत दर्ज करा दी है।यरवदा पुलिस ने किशोर के दादा और पिता के खिलाफ आईपीसी की धारा 365 (किसी व्यक्ति को गुप्त रूप से और गलत तरीके से कैद करने के इरादे से अपहरण करना) और 368 (गलत तरीके से छिपाना या कैद में रखना) के तहत एक केस दर्ज किया है।

दुर्घटना के बाद, किशोर के दादा और पिता ने कथित तौर पर ड्राइवर का फोन ले लिया, उसे 19 मई से 20 मई तक अपने बंगले के परिसर में अपने घर में कैद में रखा। हालांकि, ड्राइवर को उसकी पत्नी ने छुड़ा लिया। बता दें कि रविवार तडक़े शहर के कल्याणी नगर इलाके में एक पोर्शे कार से कथित तौर पर किशोर ने दो मोटरसाइकिल सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की हत्या कर दी। पुणे की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को किशोरी के पिता सहित मामले में गिरफ्तार छह आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। किशोरी पांच जून तक संप्रेक्षण गृह में है।

## बंगाल में भीषण चक्रवात को लेकर एनडीआरएफ की टीमें तैनात, सेना और नौसेना अलर्ट पर

**नई दिल्ली | आरएनएस**



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को अलर्ट जारी करते हुए कहा कि बंगाल में भीषण चक्रवात तूफान आने की आशंका है। इस तूफान के कारण 110-120 किमी प्रति घंटे से लेकर 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके रविवार आधी रात (26 मई) को पश्चिम बंगाल तट से टकराने की 'बहुत संभावना' है।

आईएमडी ने चक्रवात के मद्देनजर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए बहुत भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा, पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 6 घंटों के दौरान 15 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। यह एक गहरे दबाव में बदल गया है। यह सुबह 5:30 बजे सागर द्वीप समूह (पश्चिम बंगाल) से लगभग 380 किमी दक्षिण-पूर्व में और कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से 530 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व में केंद्रित हो गया।

आईएमडी की रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल के उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में फूस के घरों, फसलों, पेड़ों के उखडऩे और निचले इलाकों में बाढ़ से बड़े नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस गंभीर चक्रवात के खतरे से बिजली और संचार लाइनों को भारी नुकसान हो सकता है।

इस बीच चक्रवात की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की शुक्रवार को कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

कैबिनेट सचिव ने पश्चिम बंगाल सरकार को आश्वासन देते हुए कहा कि इस स्थिति से निपटने के लिए सभी केंद्रीय एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट पर हैं और सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगी।

इसके चलते राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने 12 टीमों को तैनात किया है, वहीं पांच अतिरिक्त टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। जहाजों और विमानों के साथ सेना, नौसेना और तटरक्षक बल की बचाव और राहत टीमों को तैयार रखा गया है।

शिपिंग महानिदेशक द्वारा कोलकाता और पारादीप के बंदरगाहों पर नियमित अलर्ट के साथ सलाह जारी की जा रही है। वहीं विद्युत मंत्रालय द्वारा तत्काल बिजली बहाली के लिए आपातकालीन टीमों को तैनात किया गया है।

कैबिनेट सचिव ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा सभी आवश्यक निवारक और एहतियाती कदम उठाए जाएं। इसका उद्देश्य जीवन की हानि को शून्य रखना और बिजली और दूरसंचार जैसे संपत्ति और बुनियादी ढांचे को नुकसान को कम करना होना चाहिए। साथ ही नुकसान के मामले में आवश्यक सेवाओं को कम से कम समय में बहाल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि समुद्र में मछुआरों को वापस बुलाया जाए और संवेदनशील इलाकों से लोगों को समय पर निकाला जाए। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार से चक्रवाती तूफान से प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों में बड़े होर्डिंग लगाने की समीक्षा करने को कहा है।